समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# पहलगाम आतंकी हमले के बाद पहली बार जम्मू-कश्मीर जाएंगे पीएम मोदी, देगें 46,000 करोड़ की परियोजनाओं की सौगात।

Publisher

Published on 04 Jun 2025



## रेलवे, सड़क, स्वास्थ्य और कनेक्टिविटी के क्षेत्र मे कंई बड़ी योजनाओं का उद्घाटन करेगें प्रधानमंत्री नरेद्रं मोदी।

**श्रीनगर, 5 जून 2025:** प्रधानमंत्री **नरेद्रं मोदी** 6 जून को **जम्मू-कश्मीर** के दौरे पर रहेंगे। यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह **पहलगाम आतंकी हमले** के बाद पीएम मोदी का पहला दौरा होगा। इस दौरान प्रधानमंत्री **46,000 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं** का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे, जिनमें **रेलवे, सड़क, स्वास्थ्य**, और **बुनियादी ढांचे** से जुड़ी कई योजनाएं शामिल हैं।

**चेनाब पुल : दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे आर्च ब्रिज**

पीएम मोदी सुबह 11 बजे दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल **चेनाब ब्रिज** का उद्घाटन करेंगे। यह पुल 359 मीटर की ऊंचाई और 1,315 मीटर लंबाई का है। इसका निर्माण इस तरह से किया गया है कि यह **भूकंप और तेज हवाओं** को झेल सके। इसके माध्यम से **कटरा से श्रीनगर** की दूरी केवल 3 घंटे में पूरी हो सकेगी।

**अंजी ब्रिज : भारत का पहला केबल-स्टे रेल ब्रिज**

इसके बाद प्रधानमंत्री भारत के पहले **केबल-स्टे रेल ब्रिज 'अंजी ब्रिज'** का उद्घाटन करेंगे। यह पुल कठिन भू-भाग में बनाया गया है और जम्मू-कश्मीर के दुर्गम इलाकों में रेल संपर्क को मजबूत बनाएगा।

**USBRL परियोजना और वंदे भारत एक्सप्रेस की सौगात**

प्रधानमंत्री **उधमपुर-श्रीनगर-बारामूला रेल लिंक (USBRL) परियोजना** को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। यह **परियोजना 272 किलोमीटर लंबी, 36 सुरंगों और 943 पुलों** के साथ बनी है, जिसकी लागत **43,780 करोड़ रुपये** है।

**पीएम मोदी श्री माता वैष्णो देवी कटरा से श्रीनगर** तक दो **वंदे भारत एक्सप्रेस** ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाएंगे। यह **ट्रेने तीर्थयात्रियों** और पर्यटकों को तेज और आरामदायक यात्रा प्रदान करेंगी।

**सीमा क्षेत्रों मे संड़क और फ्लाईओवर परियोजनाएं**

प्रधानमंत्री **राष्ट्रीय राजमार्ग 701** पर र**फियाबाद से कुपवाड़ा** तक **सड़क चौड़ीकरण** और **शोपियां बाईपास रोड** की आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं की लागत 1,952 करोड़ रुपये से अधिक है। इसके अलावा **श्रीनगर मे संग्रामा जंक्शन (NH-1)** और **बेमिना जंक्शन (NH-44)** पर फ्लाईओवर परियोजनाओं का उद्घाटन किया जाएगा।

**कटरा को मिलेगा पहला मेडिकल कॉलेज**

पीएम मोदी कटरा में **श्री माता वैष्णो देवी इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल एक्सीलेसं** की आधारशिला रखेंगे, जिसकी अनुमानित लागत **350 करोड़ रुपये** है। यह **मेडिकल कॉलेज रियासी जिले** का पहला कॉलेज होगा, जिससे क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाया जाएगा।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.